दिनांक 13 नवंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम भिलाई की टीम जुटी स्वच्छता अभियान में , जोन आयुक्त सहित अधिकारी/ कर्मचारी कर रहे है स्थलों का निरीक्षण

भिलाईनगर/ स्वच्छता को लेकर निगम कार्यालय के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक हुई थी जिसमें प्रभारी आयुक्त अशोक द्विवेदी ने समस्त जोन आयुक्त , कार्यपालन अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक, सुपरवाइजर की बैठक लेकर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले स्थलों , सड़क किनारे के स्थलों कि निरंतर सफाई कराने के निर्देश दिए थे तथा जोन आयुक्तों को प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण कर सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कहा था! इस कार्य के लिए जोन की टीम जीवीपी पॉइंट , डोर टू डोर कचरा संग्रहण , व्यवसायिक एवं बाजार वाले क्षेत्रों में रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था , निर्माण एवं विध्वंस से निकलने वाले कचरे निपटान , सामुदायिक शौचालय एवं पब्लिक शौचालय में आवश्यक व्यवस्था, व्यवसायिक क्षेत्रों में सुबह एवं शाम को सफाई, आवासीय क्षेत्रों की सफाई, कचरा संग्रहण परिवहन एवं निपटान, चौक चौराहों एवं सड़क किनारे की झाड़ी कटिंग, नालियों की सफाई, स्वच्छता के कार्यों में लगे हुए कर्मचारियों की उपस्थिति , शौचालयों में एग्जास्ट फैन, वाशबेसिन, फीडबैक मशीन, खिड़की,दरवाजे, पानी की व्यवस्था, सफाई एजेंसी द्वारा प्रदान किए जाने वाले संसाधन, एसएलआरएम सेंटर की व्यवस्था, मार्केट क्षेत्र की रात्रि कालीन सफाई आदि का जायजा लेकर कर्मचारियों को दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे हैं! जोन क्रमांक 2 क्षेत्र में जोन आयुक्त द्वारा वार्ड 27 कोल डिपो जीवीपी पॉइंट में कचरा डंप पाए जाने पर ठेकेदार के ऊपर प्रतिदिन जब तक पॉइंट से कचरा नहीं उठ जाता तब तक ₹3000 फाइन की अनुशंसा की है!

जनसम्पर्क अधिकारी